नई दिल्ली, शनिवार
22 जून 2019
साहिबाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24+8=32

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

हर ओर दिखा योग का जोश, सबने बहाया पसीना

जासं, साहिबाबाद : पांचवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ट्रांस हिंडन ने पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। हर उम्र के लोगों ने योग के प्रति अपना रुझान दिखाया और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ ली।

इंदिरापुरम सनसिटी में सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित योग में अशोक कंसल, अनिल अग्रवाल व राधेश्याम वार्ष्णेय ने योग के अलग-अलग आसन कराए। इंदिरापुरम शक्ति खंड- दो स्थित फिटनेस हेड क्वार्टर जिम एंड स्पा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया गया। वसुंधरा सेक्टर तीन में आसरा फाउंडेशन और नोबेल कोर्स एनजीओ की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की सचिव गीता मिश्रा, अंजू मेहरा, रुचि कुमारी, युविका ने बच्चों के साथ योग अभ्यास किया। वसुंधरा सेक्टर तीन में शिक्षिका रिंकू तोमर ने गरीब बच्चों के साथ योग कर उनको स्वस्थ बनाने पर जोर दिया। आरडब्ल्यूए मेट्रो स्वीट सोसायटी और आरडब्ल्यूए फेडरेशन गाजियाबाद वसुंधरा जोन के चेयरमैन डॉ दिनेश यादव ने लोगों के साथ मिलकर योग किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। सेंट्रल पार्क लक्ष्मी नारायण मंदिर वसुंधरा सेक्टर तीन, इंदिरापुरम की सुपरटेक आइकॉन सोसायटी में भी लोगों ने योग दिवस बढ़-चढ़कर मनाया। कौशांबी, वैशाली क्षेत्रीय पार्षद मनोज गोयल ने भी सुबह कई जगहों पर पहुंचकर योग में हिस्सा लिया। शिप्रा सन सिटी की रिगलिया हाइट सोसायटी के गुड हेल्थ फिटनेस की ओर से स्वर्ण जयंती पार्क में योग शिविर लगाया गया। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट के डॉ आशीष जैन और डॉ मुबारक द्वारा लोगों को अस्पताल में योग कराया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक डॉ सुनील डागर द्वारा किया गया। वैशाली सेक्टर तीन के नवीन अस्पताल की ओर से भी योग शिविर रखा गया।

हाथी पार्क में लगी योगशाला : इंदिरापुरम नीति खंड एक के रानी अवन्तिबाई पार्क में महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी सविता तिवारी, माया शर्मा, ललित केडिया, विनोद त्यागी, विपिन त्यागी ने योग दिवस मनाया। गौड़ रियलएस्टेट ग्रुप के कर्मचारियों ने इंदिरापुरम के पार्क में सामूहिक योग किया। राजेंद्र नगर सेक्टर-2 के [illegible] के सद्भावना पार्क, शालीमार गार्डन के विक्रम एंक्लेव एक्सटेंशन स्थित प्रयास पार्क तथा भारत सिटी में डॉ अकांत शर्मा ने योग विवेकानंद शाखा की ओर से योग शिविर लगाया। अमन कैसल में भी योग करवाया गया जिसमें सोसायटी के साथ-साथ आसपास के लोग भी पहुंचे। वसुंधरा सेक्टर-4ए की आरडब्ल्यूए में भी योग शिविर आयोजित किया गया। मौके पर मौजूद आरडब्ल्यूए से मनोज भारद्वाज ने सभी को अपनी रोजमर्रा जिंदगी में इसे अपनाकर स्वस्थ बने रहने का संदेश दिया।

शालीमार बी ब्लॉक चंद्रशेखर पार्क में भाजपा की साहिबाबाद विधानसभा इकाई की ओर से योग दिवस मनाया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद विजय पाल तोमर, विधायक सुनील शर्मा, दिनेश चोबाल, चंद्रभूषण, जितेंद्र शर्मा, पार्षद सरदार भाटी, यशपाल पहलवान, अनिल राणा, आशुतोष शर्मा, सुनीता रेड्डी व आचार्य बाबू राम शामिल हुए। राजेंद्र नगर सेक्टर-5 के पवित्रम ध्यान केंद्र में प्रमोद कुमार शर्मा और योगी बिकेशानंद ने साधकों को योग का महत्व बताया। सेक्टर-9 वैशाली जज कॉलोनी पार्क में क्रीड़ा भारती भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय जन जागृति मंच व आरएसएस की दो शाखाओं के तत्वाधान में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। वहीं सूर्य नगर, रामपुरी, चंद्र नगर, राम्प्रस्थ, ब्रिज विहार व राधा कुंज का संयुक्त योग शिविर भारतीय योग संस्थान द्वारा बी ब्लॉक पार्क सूर्य नगर में आयोजित किया गया।

गौड़ रियलएस्टेट ग्रुप के कर्मचारियों ने इंदिरापुरम के पार्क में सामूहिक योग किया।